तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

4

धारासींव में 30 हेक्टेयर में विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र, मिलेगी नई रफ्तार





## खबर संक्षेप

### कर्मचारी ने लोहे के पाइप से साथी का सिर फोड़ा

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के संजय नगर स्थित साहिल फैब्रिकेशन दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी ने मामूली बात पर विवाद करते हुए अपने ही साथी पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। घायल ने जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद चक्रधरनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विनोद लकड़ा ने बताया कि बीते 15 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे दुकान खुलने के बाद उसका साथी बजरंग यादव शराब के नशे में दुकान पहुंचा था। विनोद ने उसे काम नहीं कर पाने की स्थिति में घर जाने को कहा, जिसके बाद वह दुकान से चला गया। किंतु दोपहर करीब 2 बजे बजरंग यादव दोबारा दुकान पहुंचा और विनोद के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान उसने दुकान के पास रखे लोहे के पाइप से विनोद के सिर पर वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले में उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। जिसके बाद विनोद ने अपनी पत्नी को घटना की सूचना दी और दुकान में मौजूद उसके साथी किशन भगत के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद वह पुलिस से शिकायत करने पहुंचा। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, घायल

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की वजह से बाइक सवार दंपती सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में पति संतोष चौहान और पत्नी संतोषी चौहान घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने की वजह से उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 12 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे छाल हाईस्कूल गेट के पास पानी टंकी के नजदीक हुई। ग्राम छाल निवासी संतोष चौहान अपनी पत्नी संतोषी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 13 एजेड 4383 से ब्लड टेस्ट कराने छाल स्थित अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर को चालक लखी राठिया द्वारा तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में संतोष के सिर, हाथ और पैरों में चोटें आईं, जबकि संतोषी के सिर और सीने में चोट लगी। दोनों को तत्काल छाल अस्पताल ले जाया गया। महिला की चोट गंभीर होने के कारण उसे रायपुर के डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, संतोष का इलाज घर पर चल रहा है। टक्कर से बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### जमीन विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई का सिर फोड़ा

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र के ग्राम जमरगा में जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दरअसल, पुराने जमीन संबंधी विवाद को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई के सिर पर लकड़ी के मोटे डंडे से वार कर दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कापू में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मदन सिंह राठिया 62 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि यह घटना 14 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे की है। उसका भाई संभूनाथ राठिया घर की बाड़ी की ओर शौच के लिए बाहर निकला था। इसी दौरान बड़ा भाई हवल सिंह राठिया वहां पहुंचा और पुराने जमीन विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देने लगा। इसके बाद उसने संभूनाथ के सिर पर लकड़ी के मोटे डंडे से वार कर दिया। हमले में संभूनाथ के सिर में चोट लगी और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी के मौके से फरार हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

## बिलासपुर की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर बढ़ा जोर, विभाग से शासन ने मांगी जानकारी

# बाल संप्रेक्षण गृह में पूर्व सैनिकों की होगी तैनाती, सुरक्षा मजबूत करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बाल संप्रेक्षण गृहों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अब सख्ती बढ़ाई जा रही है। राज्य सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पूर्व सैनिकों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया है। इसके तहत जिले में स्थित बाल संप्रेक्षण में कर्मचारियों की व्यवस्था सहित बैरक आदि की जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से शासन ने मांगी है। इसके अनुसार शासन स्तर पर सारी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद यहां की सुरक्षा को देखते हुए पूर्व सैनिकों की तैनाती की जाएगी। फिलहाल अभी समय लगने की बात भी कही जा रही है। हालांकि जिले में तैनाती की तारीख और पूर्व सैनिकों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शासन स्तर पर इसकी




प्रक्रिया चल रही है। इसका मसौदा तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत शासन ने पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सैनिक कल्याण बोर्ड को पत्र लिखा गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिलाधिकारियों, पुलिस महानिदेशक और होमगार्ड्स के महानिदेशक को संस्थानों का सुरक्षा ऑडिट कराने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को बाल संप्रेक्षण गृहों और देखरेख संस्थानों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इसमें नियमित गश्त, रात्रि पेट्रोलिंग, कर्मचारियों का सत्यापन, नोडल अधिकारी की नियुक्ति, मॉक ड्रिल और मासिक समीक्षा जैसे उपाय शामिल हैं। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य संस्थानों में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को कम करना और सुरक्षा संबंधी कमियों को समय रहते दूर करना है। यही वजह है कि अब बाल संप्रेषण गृह में सुरक्षा मजबूत करने के लिए पूर्व सैनिकों की तैनाती सहित कई उपाए करने की तैयारी चल रही है।

> बाल संप्रेषण गृहों में पूर्व सैनिकों की तैनाती को लेकर शासन स्तर पर प्रस्ताव बनाए जा रहे हैं। बाल संप्रेषण गृह में वर्तमान व्यवस्था को लेकर जानकारी मांगी गई है। हालांकि इस संबंध अब तक कोई आधिकारिक आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं। शासन से आधिकारिक आदेश मिलने के बाद इस संबंध में स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।
>
> **अरूण कुमार पाण्डेय**
> डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग

### 24 घंटे तीन शिफ्ट नगर सैनिकों की तैनाती

इस संबंध में महिला एवं बाल संरक्षण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बाल संप्रेषण गृह सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए पुलिस विभाग से पूर्व में 3 नगर सैनिकों की मांग की गई , जिनकी तैनाती 8-8 घंटे की होती है और तीन शिफ्ट में जवान ड्यूटी करते हैं। इसके अलावा वर्तमान में करीब 13 कर्मचारी बाल संप्रेषण गृह में कार्यरत हैं।

### कर्मचारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

यही वजह है कि समय समय पर अधिकारियों, सलाहकारों और कर्मचारियों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो कानून तथा मिशन वात्सल्य से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इससे संस्थानों में बच्चों की देखभाल, संरक्षण और सुरक्षा से जुड़े नियमों के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है। वहीं इस पूरी प्रक्रिया के लागू होने के बाद स्थिति और अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

हालांकि, रायगढ़ जिले में पूर्व सैनिकों की तैनाती कब होगी और स्थानीय संस्थानों की सुरक्षा ऑडिट के बाद क्या बदलाव किए जाएंगे, इसे लेकर अलग से आधिकारिक जानकारी सामने आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। ज्ञात हो कि बिलासपुर के बाल संप्रेषण गृह में बंद चार अपचारी बालकों ने बीते जुलाई 2026 में चौकीदार की निर्मम हत्या कर दी थी। इसी घटना के बाद से ही शासन स्तर पर सभी जिले के बाल संप्रेषण गृहों की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने की योजना बनाई गई।

### जीप ने स्कूटी को मारी टक्कर, विरोध करने पर महिला से गाली-गलौज

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चांदनी चौक-तुर्कापारा मुख्य मार्ग पर स्कूटी सवार महिला के साथ दुर्व्यवहार और धमकी देने के मामले में महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। दरअसल, काले रंग की महिंद्रा थार ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। विरोध करने पर चालक ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में यशोदा चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते दिनों शाम करीब 7 बजे अपने कार्यालय ढिमरापुर चौक से स्कूटी क्रमांक सीजी 13 बीएम 2182 से वह सर्किट हाउस के पास अपनी सहेली के घर जा रही थीं। इसी दौरान चांदनी चौक-तुर्कापारा मेन रोड पर पीछे से आ रही काले रंग की महिंद्रा थार क्रमांक सीजी 13 बीएम 6600 ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर से स्कूटी गिर गई, हालांकि महिला को चोट नहीं आई। उन्होंने चालक को वाहन रोकने के लिए कहा। इसके बाद चालक गाड़ी से बाहर निकला और उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौज करने लगा तथा विरोध करने पर जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खाना बनाने से इनकार और मायके जाने की जिद पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम सूपा में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति अमृत लाल महंत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसारए आरोपी ने फावड़े से हमला कर अपनी 41 वर्षीय पत्नी रूप कुंवर महंत की हत्या करना स्वीकार किया है।

घटना 10 अक्टूबर की रात की है। मृतका का बेटा सूरज दास महंत ड्यूटी से घर लौटा तो उसकी मां परछी बरामदे में अचेत अवस्था में पड़ी मिलीं। उनके शरीर पर चोट के निशान थे और आसपास खून बिखरा हुआ था। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर ले गएए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गंभीर रक्तस्राव के कारण मृत्यु होने की बात सामने आई। घटनास्थल की जांच में पुलिस और फॉरेंसिक टीम को घर के अंदर तथा कई सामानों पर खून के निशान मिले। जांच के दौरान पति पर संदेह गहराया लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ने और रक्तचाप बढ़ने के कारण



उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। स्वास्थ्य में सुधार के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की। पुलिस के मुताबिकए आरोपी ने बताया कि खाना बनाने से इनकार करने और ग्राम रैबार स्थित रिश्तेदार के घर जाने की जिद को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। इसी दौरान उसने फावड़े से हमला कर दिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल फावड़ा, आरोपी के कपड़े और अन्य साक्ष्य जब्त किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### आज स्कूटी रैली निकाल कर जताएंगे विरोध

# 14 साल से वेतनमान की मांग, अब आंदोलन की राह पर नर्सिंग स्टॉफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रेड-पे, वेतनमान में सुधार और रिक्त पदों में भर्ती की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ का विरोध अब तेज होने लगा है। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले पदाधिकारी और सदस्यों ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में काली पट्टी लगाकर काम किया और अपनी मांगों के समर्थन में सांकेतिक प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि करीब 14 वर्षों से मांग उठाने के बावजूद अब तक उन्हें राहत नहीं मिली है। शासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विरोध प्रदर्शन कर




जमकर नारेबाजी की और लंबित मांगों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना है कि नर्सिंग संवर्ग के लिए ग्रेड पे और वेतनमान निर्धारित करने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग और आयुक्त चिकित्सा शिक्षा की ओर से प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। प्रस्ताव तैयार हुए करीब नौ महीने बीतने के बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। अपनी मांगों को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है। स्टाफ नर्सों ने बताया कि इससे पहले भी कई बार शासन से इस संबंध में चर्चा हो चुकी है, कई बार ज्ञापन सौपा जा चुका है। किंतु अब तक इस संबंध में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। यही वजह है कि शुक्रवार के प्रदर्शन के बाद शनिवार को भी विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### मांग पूरी नहीं हुई तो 18 से प्रदेशव्यापी आंदोलन

इसके तहत चिकित्सालय परिसर से अंबेडकर चौक तक स्कूटी रैली निकालकर ग्रेड पे और वेतनमान लागू करने की मांग उठाई जाएगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार और संबंधित विभाग ने उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो 18 नवंबर से प्रदेश स्तर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। ऐसे में आने वाले दिनों में नर्सिंग स्टाफ का विरोध और तेज होने की संभावना है।

# दुकानों में चस्पा हुए एमडीआर शुल्क वसूली के नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डिजिटल भुगतान को आसान और सुविधाजनक बनाने वाले यूपीआई को लेकर इन दिनों ग्राहकों के बीच असमंजस की स्थिति बनती नजर आ रही है। फिलहाल दीपावली तक 2 हजार से अधिक के चुनिंदा यूपीआई के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमआरडी लागू करने का फैसला टाल दिया गया है, लेकिन इस व्यवस्था के लागू होने से पहले ही शहर के कुछ दुकानों के बाहर एमआरडी पर लगने वाले चार्ज का भुगतान ग्राहकों को अदा करने और इससे बचने के लिए नगद भुगतान करने को लेके नोटिस तक चस्पा किया गया है। ऐसी स्थिति में ग्राहकों में भी असमंजस की स्थिति देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यानी एनपीसीआई की पहले जारी अधिसूचना के मुताबिक 15 अक्टूबर से 2 हजार रुपए से अधिक के पात्र व्यक्ति से व्यापारी यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू किया जाना था। हालांकि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए इस फैसले को स्थगित कर दिया गया है। वही इस संबंध में नई तारीख दिवाली के बाद घोषित की जाएगी। हालांकि यह अभी तय नहीं हो सका है। किंतु सर्किट हाउस क्षेत्र स्थित एक मेडिकल स्टोर में एमडीआर पर लगने वाले चार्ज को ग्राहकों को अदा करने संबंधी नोटिस चस्पा किया गया है ए इसी के साथ ही शहर के कुछ दुकानों में मौखिक तौर पर अब यूपीआई पेमेंट नहीं करने और नकद भुगतान करने को लेकर ग्राहकों को कहा जा रहा है। इसके बाद भी यदि कोई ग्राहक यूपीआई से पेमेंट करता है तो उसे एमडीआर की अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने को कहा जा रहा है। ऐसे कुछ ग्राहक दुकानों में नगद भुगतान कर रहे हैं। जबकि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने भी स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं से यूपीआई लेनदेन पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस प्रस्तावित व्यवस्था में एमआरडी का भुगतान संबंधित पात्र व्यापारियों को करना है। वहीं यदि कोई दुकानदार 2 हजार से अधिक के यूपीआई भुगतान पर अलग से 0.4 प्रतिशत शुल्क मांगता हैए तो ग्राहक इसकी शिकायत अपने बैंक या संबंधित भुगतान ऐप के सहायता केंद्र पर कर सकते हैं।

### अनिवार्य बता के ले रहे शुल्क

इस संबंध में यह भी देखने को मिल रहा है कि कुछ दुकान संचालक नोटिस चस्पा ना करते हुए ग्राहक को यह कहकर अतिरिक्त भुगतान करने को कह रहे हैं कि 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर शुल्क अनिवार्य है। मुख्य तौर पर ग्रामणी इलाकों से आने वाले ग्राहकों से अनिवार्यता के नाम पर एमडीआर शुल्क लिया जा रहा है।

### छोटे व्यापारियों को छूट

बता दे कि यूपीआई से किसी दोस्त या परिजन को पैसे भेजना यानी व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन इस एमडीआर व्यवस्था से बाहर रहेगा। इसी तरह 2 हजार रुपए तक के पात्र व्यापारी भुगतान और निर्धारित सीमा में आने वाले छोटे व्यापारियों के लेनदेन पर भी छूट जारी रहेगी। उच्च राशि के लेन.देन पर एमडीआर की अधिकतम सीमा 300 तय की गई हैए यानी बिल कितना भी बड़ा होए 300 से ज्यादा शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा जिन छोटे व्यापारियों का मासिक लेन.देन 1 लाख से कम है, वे इस शुल्क से मुक्त होंगे।

# किराए के मकान में घुसकर महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने किराये के मकान में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संतोष चंद्रा उर्फ मंझला निवासी ग्राम अरसिया, जिला सक्ती के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय पीड़िता ने कोतरारोड़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि करीब एक महीने पहले वह किरोड़ीमलनगर में किराये के मकान में रहती थी। उसी दौरान वहां किराए पर रहने वाले संतोष चंद्रा ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी। बदनामी के डर से महिला ने उस समय शिकायत नहीं की और अपने गांव चली गई। 9 अक्टूबर को वह वापस लौटी और अपने परिवार के साथ दूसरे मकान में रहने लगी। अगले दिन आरोपी उसका पता तलाशते हुए वहां पहुंचा। उसने मकान मालिक से अपनी बहन से मिलने आने की बात कही और दरवाजा खटखटाया। महिला ने दरवाजा नहीं खोला और अपने भाई को इसकी जानकारी दी। इसके बाद आरोपी वहां से चला गया। 16 अक्टूबर की सुबह आरोपी फिर उसके मकान में घुस आया। जब वह बाथरूम की ओर जा रही थी तब आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

## ट्रैफिक पुलिस चौक- चौराहों में खड़े रहते हैं बुत बने, हिलते तक नहीं

# प्रतिमा स्थापना के पहले शहर में जाम ही जाम, चार पहिया वाहनों से बढ़ी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ शहर और आउटर की ट्रैफिक व्यवस्था की भगवान ही मालिक है। शहर में तो हर आधे घंटे में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

**खास बात**

- रसूखदारों की धौंस के आगे चलती भी नहीं है कुछ

वहीं शहर के बाहर भी हालात कुछ अच्छे नहीं हैं। दिलचस्प बात यह है कि शहर में चार पहिया और ट्रांसपार्ट की माल वाहन वाहनों की वजह से परेशानियां ज्यादा बढ़ रही है। चार पहिया वाहनों के लिए शहर में पार्किंग का जगह कहीं है ही नहीं। इसके चलते बाहर से आने वाले भी गाड़ी में ही मार्केटिंग करते हैं। दूसरी ओर चौक-चौराहों में तैनात ट्रैफिक जवान भी बुत की भांति खड़े रहते हैं। दूसरी ओर शहर में रसूखदारों की धौंस के आगे भी इनकी एक नहीं चलती है। ऐसे






हालात में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। शुक्रवार को दिन भर शहर के अलग-अलग जगहों पर घंटों जाम की फोटो-वीडियो वायरल होते रहे। जूटमिल में जहां गोगा मंदिर से कबीर चौक तक घंटों जाम की स्थिति बनी रही। वहीं केवड़ाबाड़ी बस स्टेंड चौक से शो रुम तक एक साइड पूरी तरह जाम रही। इससे आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इच्छाशक्ति की कमी और अव्यवस्थित ट्रैफिक सिस्टम से शहर के लोगों को हर दिन दो चार होना पड़ता है। मुख्य मार्गों पर ट्रांसपोर्ट की छोटी माल वाहक वाहनें खड़ी हो जाती है। इधर चार पहिया वाहनों में लोग शॉपिंग करने पहुंचते हैं। दोंनों चार पहिया वाहनों की वजह से सड़कें जाम हो जाती हैं। सुभाष चौक, हटरी चौक, गौरी शंकर मंदिर चौक, रविशंकर शुक्ल मार्केट, गद्दी चौक, गांधी चौक में हर 10 मिनट में जाम लग जाती है। सबसे संकरी जगह सुभाष चौक, गद्दी चौक, हटरी चौक है। यहां एक चार पहिया वाहन गुजरी तो समझ लिजिए जाम लगने की 100 फीसदी गारंटी होती है।

### गांधी चौक में नजर आते हैं ट्रैफिक जवान, बाकी गायब

गांधी चौक में शाम को दो-चार ट्रैफिक जवान तो नजर आते हैं बाकी जगहों से गायब रहते हैं। यहां भी किसी दुकान के सामने सभी एक साथ खड़े रहते हैं। गाड़ियों की लंबी लाइन लग भी जाए तो हिलते नहीं हैं। ऐसे हालात में पीछे के लोग भी आगे जाने की होड़ में घुस जाते हैं। इससे जाम खुलने के बजाए और बढ़ते जाती है।

### गोगा मंदिर के पास घंटों जाम

शुक्रवार की शाम गोगा मंदिर से आगे कबीर चौक तक घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो गई। कारण किसी को समझ ही नहीं आ रहा था। काफी देर बाद गाड़ियां आगे बढ़ी तो राहत मिली। दूसरी ओर केवड़ाबाड़ी चौक से शो रुम तक एक साइड में लंबी जाम लगी रही। गौरी शंकर मंदिर के पास दोपहर में जाम लग गई थी। ऐसे हालात शहर के अन्य जगहों पर देखी गई।

## खबर संक्षेप

### रोहित के घर शौचालय निर्माण का रास्ता हुआ साफ

**सारंगढ़।** ग्राम पंचायत टेढ़ीभदरा के आश्रित ग्राम गगोरीटाडा में सामने आई है, जहां निवासी रोहित कुमार लहरे की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत पर कार्रवाई करते हुए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने व्यक्तिगत शौचालय की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से अपनी समस्या दर्ज कराई थी। प्राप्त शिकायत पर संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत उनके व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति जारी की।

### एसईसीएल ने किया 6.0 के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रायगढ़।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड रायगढ़ क्षेत्र द्वारा श्विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत छाल स्थित डिस्पेंसरी में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य रूप से सफाई मित्रों एवं अन्य लाभार्थियों के स्वास्थ्य कल्याण एवं देखभाल के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सफाई मित्रों एवं स्थानीय लाभार्थियों का रक्तचाप शर्करा स्तर तथा अन्य सामान्य शारीरिक स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की गई। जांच के उपरांत जरूरतमंदों को निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ साथ उन्हें निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान चिकित्सकों एवं अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता, आसपास की साफ.सफाई तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी। एसईसीएल प्रबंधन ने बताया कि सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की देखभाल संस्थान की प्राथमिकता है।

### अभिनव विद्या मंदिर में हुई करियर काउंसलिंग कार्यशाला



**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर पुसौर में सेवा संकल्प अभियान के तहत भव्य करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप जाना। कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं माँ दुर्गा की पूजा.अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अभिनव शिक्षण समिति के अध्यक्ष दिलीप पांडेय, कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश कुमार साव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी उत्तर कुमार सिदार और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के व्याख्याता नैमिष पाणिग्राही विशेष रूप से उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करो, क्योंकि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। लक्ष्य स्पष्ट होगा तो सफलता जरूर मिलेगी। नगर उपाध्यक्ष उमेश कुमार साव ने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करते हुए अपने चरित्र का निर्माण करें और एक आदर्श नागरिक बनें, तभी करियर की सार्थकता है। मुख्य वक्ता नैमिष पाणिग्राही ने करियर काउंसलिंग के चार महत्वपूर्ण टेस्टों को विस्तार से समझाया। साइकोलॉजी टेस्ट , एबिलिटी टेस्ट, पर्सनैलिटी टेस्ट और इंटरेस्ट टेस्ट। उन्होंने बताया कि इन टेस्टों से बच्चे अपनी रुचि और क्षमता को पहचान सकते हैं।

### आश्रम छात्रावासों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही पर कार्रवाई



**सारंगढ़।** जिले में संचालित आदिम जाति विकास विभाग के आश्रम छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि आश्रम.छात्रावासों में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति और मूलभूत सुविधाओं में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। बच्चों की शत.प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षित आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना संबंधित अधिकारियों एवं अधीक्षकों की जिम्मेदारी है। राज्य शासन के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर द्वारा आश्रम.छात्रावासों की सुरक्षाए स्वास्थ्य एवं रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं के लिए 50- 50 हजार तथा 25-25 हजार जारी की गई है। कलेक्टर ने कहा कि आश्रम- छात्रावासों में बच्चों की वास्तविक उपस्थिति के आधार पर भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने भोजन की गुणवत्ताए स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था और परिसर की साफ.सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर संस्थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को चौबीसों घंटे चालू रखने तथा उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधीक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर उदासीनता नहीं होनी चाहिए।

सरिया में दुर्गा उत्सव के 54 वर्ष, भव्य कलश यात्रा के साथ मूर्ति स्थापना

# सरिया में दुर्गा उत्सव के 54 वर्ष, भव्य कलश यात्रा के साथ मूर्ति स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बस्ती सरिया का आज शुक्रवार को षष्टी के दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में माताओं ने निर्जला व्रत रखकर कलश यात्रा में शामिल हुए। सरिया में बस्ती बीच सार्वजनिक दुर्गोंउत्सव का यह 54 वां वर्ष के रूप में दुर्गा उत्सव का आयोजन हो रहा है। सरिया में सन 1972 से नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ तत्कालीन थाना प्रभारी श्री मौर्य एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने थाना परिसर में किया था। तब से लेकर अब तक दुर्गा उत्सव लगातार मनाया जा रहा है।

नगर में दो स्थानों पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव का आयोजन होता है। बस्ती बीच सार्वजनिक दुर्गा उत्सव इस वर्ष 54 वर्ष पूर्ण कर रहा है। समिति अपनी परंपरा का निर्वहन कर धार्मिक एवं सामाजिक एकता का परिचय दे रहा है। नवरात्र के षष्टी पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।जिसमें नगर सहित आसपास के श्रद्धालु माता बहन इसमें शामिल होकर पुण्य के भागी बने। जय माता दी के जयकारे के साथ कलश यात्रा में मुख्य यजमान ग्राम गौंटिया मिनकेतन प्रधान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। तत्पश्चात माता बहनों सहित 10 वर्ष से लेकर 25 वर्षों तक स्कूली छात्राओं ने भी कलश धारण कर दुर्गा पंडाल में स्थापित किया। यहां के भव्य कलश यात्रा को देखने के लिए दूर दराज से भक्तगण पहुंचे थे। सार्वजनिक दुर्गोंउत्सव समिति के द्वारा शुभ कलश पहाड़ तालाब से जल भरकर यात्रा निकाली गई। जहां नगर के विभिन्न स्थानों में भक्तों के द्वारा कलश यात्रियों के स्वागत के लिए रंगोली बनाकर एवं दीप प्रज्वलित कर माता के भक्तों का स्वागत किया गया। कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी का सहयोग सराहनीय रहा। इस मौके पर दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। जहां सभी श्रद्धालु भक्तों ने कलश स्थापना के बाद पूजा पाठ कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। नगर में आयोजित भव्य कलश यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए समाज सेवी संस्थाओं द्वारा शीतल पेयजल की भी व्यवस्था की गई। कलश यात्रा में नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने सेवा देकर यात्रा को सफल बनाया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि सरिया बस्ती बीच सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के द्वारा आयोजित कलश यात्रा में भक्ति का अद्भुत संगम था।

### आस्था के रंग, बेटियों के संग



सरिया। नवरात्र के छठवां दिन पावन अवसर पर आज नगर के कुधुरकुणी टीम की कन्याओं ने भव्य कलश यात्रा के स्वागत के दौरान अपनी कला और श्रद्धा से माता के नौ रूपों की भव्य रंगोली उकेरी।

## माँ चंद्रहासिनी को अर्पित की गई 108 फीट की चुनरी



**चंद्रपुर।** धर्मनगरी चंद्रपुर में 15 अक्टूबर गुरुवार को माँ चंद्रहासिनी की असीम कृपा एवं भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य माँ चंद्रहासिनी चुनरी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। संध्या बेला में निकली इस शोभायात्रा में माँ चंद्रहासिनी को 108 फीट लंबी भव्य चुनरी अर्पित की गई। पूरे नगर में माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में गाजे.बाजे, भक्ति संगीत एवं उत्साह के साथ श्रद्धालु शामिल हुए। विशेष आकर्षण के रूप में नवदुर्गा दर्शन एवं माँ चंद्रहासिनी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगह.जगह माता रानी के जयकारों के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में माताओंए बहनों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और माँ चंद्रहासिनी के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा एवं भक्ति प्रकट की। नगर के सभी सम्माननीय नागरिकों ने आयोजन में सहभागिता निभाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह आयोजन नगर की धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं सामूहिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण बना। श्रद्धालुओं के उत्साह और जनसहयोग से पूरा नगर माता रानी की भक्ति में सराबोर नजर आया।

## कोसीर में नवरात्रि के 5वें दिन हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**कोसीर।** गुरुवार की रात ग्राम कोसीर स्थित मां कौशलेश्वरी मंदिर में म्यूजिकल ग्रुप द्वारा माता जगराता किया गया। इस भक्तिमय अवसर पर जनपद पंचायत सदस्यहेमा विश्वनाथ बसंत द्वारा नवरात्रि के 5वें दिन रात्रि को झमाझम माता जगराता का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में रात्रि में माता कौशलेश्वरी के दर्शन करने जनपद पंचायत विश्वनाथ बसंत, जिला मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, हरिशंकर निराला कोसीर भाजपा मंडल अध्यक्ष, शिवम चंद्रा मंडल महामंत्री देवेंद्र रात्रे जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, कमल कृष्ण श्रीवास मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक पटेल जिला सोशल मीडिया कार्यसमिति सदस्य, रवि चंद्रा जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सह संयोजकद्ध हीरा लाल पटेल मंडल मंत्री, विशाल सोनी जिला सोशल मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा बाबूलाल लहरें अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष, विद्या धर लहरें के समस्त ग्रामीण जन उपस्थित होकर म्यूजिकल ग्रुप सारंगढ़ के सिंगर केशव साहू एवं भूमिका जाटवर द्वारा शानदार माता जगराता में लोगों ने आनंद लिया।

## केसरिया गरबा में शामिल हुईं गुजरात सह-प्रभारी गोमती



**पत्थलगांव।** गुजरात प्रवास के दौरान गुजरात प्रदेश भाजपा की सह-प्रभारी एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय गांधीनगर उत्तर की विधायक रीटाबहन पटेल की ओर से आयोजित केसरिया गरबा नवरात्र 2026 में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने मां अंबे की आरती कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस गरबा उत्सव में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। गरबा गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है, जो समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाता है। इस अवसर पर मां अंबे से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

## खराब परीक्षा परिणाम पर सीईओ सख्त, शोकॉज नोटिस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

### विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम में सुधार पर जोर



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने जिले के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के शैक्षणिक प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए खराब परीक्षा परिणाम पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पत्थलगांव विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल फरसाटोली के व्याख्याता को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही खराब परीक्षा परिणाम देने वाले विषय शिक्षकों को इसी माह समीक्षा बैठक में बुलाकर परिणाम की स्थिति पर चर्चा करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सभाकक्ष में यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एबीईओ तथा जिले के समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में तिमाही परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की औसत उपस्थिति, एमबीयू और अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ अभिषेक कुमार ने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस प्रयास करने तथा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी बीईओ और प्राचार्यों को लंबे समय से अनुपस्थित एवं निलंबित कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और परीक्षा परिणामों में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

- लंबे समय से अनुपस्थित एवं निलंबित कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराने निर्देश

### विभागीय कार्यों की भी हुई समीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद विद्यालयों, गौ विज्ञान परीक्षा, सीएम हेल्पलाइन, वीएसके ऐप में शून्य उपस्थिति दर्ज होने की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र शिविर और स्मार्ट क्लास की जानकारी दी। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में शिक्षक-पालक बैठक के आयोजन, विद्यालयों में कराए जा रहे प्रायोगिक कार्यों तथा शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से आवश्यक शैक्षणिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी और विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## गुणवत्ता में कमियों पर जताई नाराजगी मूल्यांकन राशि में कटौती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने जनपद पंचायत जशपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी भवन, स्व-सहायता समूह भवन, स्टॉपडेम मरम्मत, नहर सफाई और सीसी रोड निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी कमियां पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार मूल्यांकन करने और आवश्यकतानुसार देय राशि में कटौती करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### केरे और देशदेखा में भवन निर्माण किया निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम केरे में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक तेजी लाते हुए भवन का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, इसके पश्चात देशदेखा में निर्माणाधीन स्व-सहायता समूह भवन का निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता, निर्धारित तकनीकी मानकों और अन्य आवश्यक पहलुओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## लंबित पेंशन और वेतन निर्धारण प्रकरणों के लिए लगा शिविर

**जशपुरनगर।** जिले में लंबे समय से लंबित वेतन निर्धारण और पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर संभाग सरगुजा के निर्देश पर यह शिविर 14 अक्टूबर सुबह 10:30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। शिविर में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय के लंबित प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनकी संभागीय अधिकारियों द्वारा गहन जांच कर मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में कुल 81 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें वेतन निर्धारण के 69 प्रकरण एवं पेंशन के 12 प्रकरण शामिल हैं।

### जनपद सीईओ को 10 दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश

## पीएमजीएसवाई के अनुपयोगी पुल निर्माण पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर जशपुर ने विकासखंड दुलदुला के विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की उपयोगिता, गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुपयोगी एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने लापरवाही के मामलों में जांच तथा नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

### निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम के कार्य का निरीक्षण

कलेक्टर ने कस्तूरा में जिला खनिज न्यास मद से प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम के कार्य का भी निरीक्षण किया। मैदान की लंबाई-चौड़ाई और उपलब्ध स्थान को निर्धारित उपयोग के अनुरूप पर्याप्त नहीं पाए जाने पर उन्होंने कार्य को निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की योजना बनाते समय उपयोगिता, आवश्यक आकार और निर्धारित मानकों का ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि शासकीय राशि का सदुपयोग हो सके।

### निरीक्षण के दौरान पुल की उपयोगिता को लेकर असंतोष व्यक्त किया

कलेक्टर ने ग्राम आंवरापानी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत केंद खमन पहुंच मार्ग पर निर्मित आरसीसी पुलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल की उपयोगिता को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य से अपेक्षित उपयोगिता सुनिश्चित नहीं हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पुल निर्माण की आवश्यकता, उपयोगिता एवं कार्य की स्थिति की जांच कर 10 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्राम पंचायत कस्तूरा में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्माणाधीन कस्तूरा से सरायटोली मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश:** कलेक्टर श्री व्यास ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क, पुल-पुलिया एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। किसी भी निर्माण कार्य को स्वीकृत करने और पूर्ण कराने से पहले उसकी वास्तविक आवश्यकता, उपयोगिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जहां अनियमितता या लापरवाही सामने आए, वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
ईकोर्ट क्रमांक 202608041000020/185/
अ-21/2025-26
ग्राम कोड़ासिया प.ह.नं. 04
// **ईश्तहार** //
सर्वसाधारण ग्राम कोड़ासिया के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वरी प्रसाद मालाकार आ स्व, राधेश्याम एवं 3 अन्य निवासी ग्राम लभनीपारा कोइसिया तहसील लैलूंगा के द्वारा अपने नाम धारित ग्राम कोड़ासिया प.ह.नं. 04 में स्थित भूमि खसरा नं 415/2 रकबा 0.073 हे. भूमि धारित है, जो व्यवस्थापन से प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि को केशव प्रसाद गुप्ता आ. नीलांबर गुप्ता विक्रय करना चाहते है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन माननीय कलेक्टर जिला रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है जिसकी सुनवाई दिनांक 02.11.2026 को नियत है।
उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक उपस्थित होकर, यदि हो तो दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
आज दिनांक 15/10/2026 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लैलूंगा, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**



## 'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग शुरू, लीड रोल में होंगे राघव

**नई दिल्ली।** एक्टर राघव जुयाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शूटिंग से जुड़ी जानकारी बताते हुए एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने बताया कि वे उनकी अगली फिल्म 'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग में लग गए हैं। राघव ने लिखा, 'आज मैं अपने कॅरियर की सबसे अहम फिल्म की शुरुआत कर रहा हूं। ऐसा इसलिए नहीं कि यह मेरी सबसे बड़ी फिल्म है, बल्कि इसलिए कि 12-13 साल पहले मैंने इसे देखा था, इसके सपने देखे थे और अपने मन में इसे जी भी लिया था।' इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि आज मैं उस फ्रेंचाइजी का मुख्य अभिनेता हूं, जिसमें कभी मैं पीछे खड़े होकर, दूर से सब कुछ देखा करता था।'

## लाइफ Style

## अनीत

### खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म सैयारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म ने उन्हें खूब पॉपुलैरिटी दिलाई. फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म में वह अहान पांडे के साथ नजर आई थीं।

अब एक्ट्रेस मैडॉक फिल्म्स की फिल्म शक्ति शालिनी में दिखाई देंगी। यह फिल्म सैयारा से काफी अलग है। इस फिल्म में वो सोलो हैं और अब बताया है कि आखिर उन्होंने शक्ति शालिनी फिल्म करने के लिए हां क्यों कहा। अनीत ने बताया कि सैयारा की सफलता के बाद वह इसी तरह की एक अलग फिल्म करना चाहती थीं। एक इंटरव्यू में अनीत पड्डा ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली। सैयारा के बाद मैं जिस तरह की फिल्म करना चाहती थी, यह बिल्कुल वैसी ही है। यह उससे काफी अलग है। इसमें एक्शन, रोमांस और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स हैं। मुझे अपने एक बिल्कुल अलग रूप को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। अनीत ने आगे कहा, "अगर मैं साफ-साफ कहूं, तो मैं एक सोलो फिल्म करना चाहती थी. मैं चाहती थी कि मैं कह सकूं कि यह मेरी फिल्म है। एक एक्टर के तौर पर इसकी जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है। आखिर कितनी महिलाओं को ऐसा मौका मिलता है? मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपनी दूसरी फिल्म में ही यह मौका मिल रहा है। हालांकि, पूरी फिल्म की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर होना थोड़ा डराने वाला हो सकता है।



## हॉलीवुड मसाला



## दुनिया में अदर मॉमी की मची धूम

**नई दिल्ली।** हॉरर और हॉलीवुड फैंस की दुनिया में इन दिनों जेसिका चैस्टेन स्टारर फिल्म 'अदर मॉमी' की धूम मची है। यह एक अमेरिकी सुपरनैचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है, जो 9 अक्टूबर को रिलीज हुई है और 3 दिनों में ही इसने वर्ल्डवाइड ₹432.35 करोड़ ($45,190,000) की ग्रॉस कमाई कर ली है। जिसने भी इसे देखा, वह मुरीद हो गया है। कहानी एक सात साल की बच्ची की है, जिसे अपनी मां की शक्ल से मिलती-जुलती औरत नजर आती है और वह उसे 'अदर मॉमी' कहकर पुकारती है।



## प्रियंका ने अपनी दोस्त तमन्ना के साथ तस्वीरें कीं शेयर...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त को जन्मदिन की बधाई दी है। अभिनेत्री ने उनके साथ कई तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने शानदार पोस्ट लिखी है। अभिनेत्री ने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें उनके साथ बिकनी में दी गई पोज भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने उन्होंने तमन्ना के साथ बिताए खट्टे-मीठे पलों की झलकियां दिखाई हैं। यही नहीं दोनों ने एक-दूसरे के परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाई हैं। दोस्त तमन्ना दत्त के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा 'मेरी पसंदीदा लड़की। वह पहले मेरी रूममेट रही, फिर दोस्त बनी। अब बहन जैसी है। पिछले 26 वर्षों में बहुत कुछ बदला, अगर कुछ नहीं बदला तो आप।



## श्रीलीला की नई फिल्म का पोस्टर जारी

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ श्रीलीला भी अहम किरदार में होंगी। कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म की रिलीज की तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के टाइटल का अभी ऐलान नहीं किया गया है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु हैं। इसके निर्माता भूषण कुमार हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी किया है। इसमें कार्तिक आर्यन और श्रीलीला बैठे हैं। उनके आस-पास हरियाली है और चाय भी रखी है। इसमें बताया गया है कि फिल्म 30 अप्रैल 2027 को रिलीज होगी। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने अपकमिंग फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए लिखा 'एक नई कहानी, जो आपके दिल में बस जाएगी।



## मनोज की फिल्म घूसखोर का नाम बदला

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' का नाम बदल दिया गया है। मेकर्स ने 15 अक्टूबर को फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया है। फिल्म के पुराने नाम को लेकर काफी विवाद हुआ था। इसके नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे ब्राह्मण समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट तक याचिका पहुंची थी। अब फिल्म का नाम 'गजब रात' कर दिया गया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय, दिव्या दत्ता, कीकू शारदा और नुसरत भरूचा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 23 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'गजब रात' की कहानी एक ऐसे पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने निजी फायदे और सही काम करने के बीच फंस जाता है।

## टीवी मसाला



## 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में एक साथ नजर आएंगे करीना व सैफ

**नई दिल्ली।** करीना कपूर और सैफ अली खान की जोड़ी को बॉलीवुड में टिपिकल लव बर्ड्स के तौर पर देखा जाता है। अक्सर कई इवेंट्स में कपल को साथ में स्पॉट किया गया है। अब ये शानदार जोड़ी आपको 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 में देखने को मिलेगी। बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों को अपने शो में बुलाने के बाद, अब यह शो रियल-लाइफ कपल करीना कपूर खान और सैफ अली खान का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वे इस कॉमेडी शो में अपने मजेदार अंदाज और हंसी-मजाक से चार चांद लगाएंगे। यह एपिसोड आने वाले 17 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। दोनों अलग-अलग कई बार नजर आए हैं लेकिन ऐसा पहली बार होगा जब वे इस कॉमेडी शो में एक साथ नजर आएंगे। इनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं जिसमें करीना रेड कलर के बंधनी सलवार- सूट में नजर आईं। इसके गले पर हैवी गोल्डन एंब्रॉयडरी का काम था। इसे उन्होंने हैवी झुमकों और चूड़ियों के साथ पेयर किया था। वहीं सैफ हमेशा की तरह रॉयल लुक में बेहद शानदार लग रहे थे। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट पैंट के साथ ही ब्लैक वेस्ट कोट पहना हुआ था। वहीं सैफ अली खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम डेब्यू किया है इसलिए ये मोमेंट उनके लिए और भी खास है।

## नकुल के समर्थन में उतरीं शिल्पा

**नई दिल्ली।** शो 'बिग बॉस 20' में हाल के दिनों में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। शो में वाइल्डकार्ड के जरिए आए नकुल ढुल ने बीते एपिसोड में गुल्लू से लड़ाई की थी, जिसके बाद बिग बॉस ने कड़ा एक्शन लेते हुए नकुल को घर से बेघर कर दिया। अब इस पूरे मामले पर शिल्पा शिंदे ने अपनी राय दी है। नकुल को बिग बॉस से निकालने के बाद शिल्पा इस निर्णय से नाखुश नजर आईं। शिल्पा ने एक पोस्ट शेयर कर इस निर्णय का विरोध जताया है। पोस्ट के कैप्शन में शिल्पा ने लिखा, 'उसे वापस लाओ..उसने मारा नहीं है सिर्फ धक्का दिया है। ऐसा बिग बॉस में बहुत बार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने जो फोटो शेयर की है, उसमें भी लिखा कि उन्हें वापस लाओ, क्योंकि वो पूरी तरह गलत नहीं हैं। दरअसल, काजी मजाक-मस्ती में स्काउट के कान में थूक देते हैं। इसके बाद जब स्काउट अकेले होते हैं, तो नकुल जाकर उनसे कहते हैं कि काजी वहां दूसरी ओर बता रहे हैं कि उन्होंने तुम्हारे कान में थूक दिया।



## ये प्रेम मोल लिया का नया गाना 'झुमका पटोला' रिलीज, श्रेया ने दी है आवाज

*निर्देशक सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म ये प्रेम मोल लिया का नाम काफी समयसे चर्चा का विषय बना हुआ है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस मूवी के कई गाने अब तक सामने आए हैं, जिन्हें श्रोताओं ने पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया है।*

**नई दिल्ली।** इस बीच नवरात्रि के सीजन में मेकर्स की तरफ से ये प्रेम मोल लिया का एक और नया गाना रिलीज कर दिया गया है। जिसके बोल संगीतकार हिमेश रेशमिया की पत्नी सोनिया कपूर रेशमिया ने लिखे हैं और सिंगर श्रेया घोषाल ने इसे गाया है। ये प्रेम मोल लिया के जिस लेटेस्ट सॉन्ग के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसका टाइटल- झुमका पटोला... है। दरअसल बुधवार को मेकर्स की तरफ से इस गाने को रिलीज करने की आधिकारिक जानकारी सोशल मीडिया पर दी गई थी और अब गुरुवार को झुमका पटोला... को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म ये प्रेम मोल लिया का ये नया गाना अभिनेता आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ के अलावा फिल्म की अन्य फीमेल एक्ट्रेसेज के ऊपर



फिल्माया गया है। बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने इस गीत को अपनी मीठी आवाज दी है, जबकि संगीतकार हिमेश रेशमिया ने इसके संगीत को तैयार है। ध्यान देने वाली बात ये है कि ये प्रेम मोल लिया फिल्म के झुमका पटोला... गीत के लिरिक्स को हिमेश की वाइफ सोनिया कपूर ने लिखा है, जो गाने को और अधिक रोचक बनाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मूवी का ये गीत प्रॉपर डांसिंग सॉन्ग लग रहा है, जो महिलाओं के लिए नया पार्टी एंथम बन सकता है। इससे पहले फिल्म का टाइटल सॉन्ग और नवरात्रि स्पेशल गीत पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं। राजश्री प्रोडक्शन की अगली पेशकश के तौर पर ये प्रेम मोल लिया फिल्म का सिनेप्रेमी बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गौर किया जाए आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस रोमांटिक-फैमिली ड्रामा फिल्म की रिलीज डेट के बारे में तो ये मूवी 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

## फर्जी-2 की शूटिंग खत्म

### छोटे कलाकार की दिखाई गई है कहानी

**मुंबई।** अभिनेता शाहिद कपूर की सीरीज 'फर्जी 2' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म की जानकारी एक्टर ने बातचीत के दौरान दी। इसके साथ ही अपने किरदार सनी के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर सेट से बीटीएस तस्वीरें साझा कीं। शाहिद कपूर ने 'फर्जी 2' की शूटिंग के दौरान ली गईं कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, 'फर्जी 2 की शूटिंग जैसे-जैसे समाप्त हो रही है, मुझे बस यही याद आ रहा है कि सनी मेरे भीतर कितना बसा हुआ है। मैं वही हूं और वह मैं हूं। हम दोनों ने मुंबई की गलियों में एक ऐसे बच्चे के रूप में शुरुआत की थी जिसके दिल में दुनिया को यह बताने की आग थी। मुझे देखो। मैं एक कलाकार हूं।'फर्जी का पहला सीजन प्राइम वीडियो पर फरवरी 2023 में प्रीमियर हुआ था। यह सीरीज 8 एपिसोड्स की थी। इस सीरीज से शाहिद कपूर ने पहला



ओटीटी डेब्यू किया था। इसमें सनी नाम के एक छोटे-मोटे कलाकार की कहानी दिखाई गई है, जो नकली मुद्रा के एक बड़े घोटाले में शामिल हो जाता है। कलाकारों में विजय सेतुपति, राशी खन्ना, के के मेनन, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसेंड्रा और अमोल पालेकर प्रमुख भूमिकाओं में थे।

### अलग-अलग जॉनर की फिल्में और सीरीज होंगी रिलीज

## सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाका

*नई दिल्ली। पलके बिछाए फैंस शुक्रवार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ये सप्ताह का वो दिन होता है, जब बड़ी-बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देती हैं और शानदार सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होती हैं। अक्टूबर के तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए ढेर सारा मनोरंजन लेकर आ रहा है।*

**नई नवेली** : शुक्रवार की सबसे मजेदार रिलीज में से एक यामी गौतम की फिल्म नई नवेली है, जो आज सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आर्टिकल 370 और हक जैसी सीरियस फिल्मों के बाद नेशनल अवॉर्ड विनर यामी गौतम कॉमेडी जॉनर में लंबे समय बाद लौटीं हैं। मूवी में उनका किरदार डायन भाभी का है। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- हॉरर कॉमेडी।

**मास्टर प्लान** : इस क्राइम कॉमेडी फिल्म की कहानी रोजर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिटायर महान चोर है। हालांकि, वह मोना लीसा की मूर्ति चुराने के पीछे है, जिसके लिए वह एक इटैलियन हैकर और फ्रैंच बम एक्सपर्ट को हायर करता है। कहानी में मजेदार ट्विस्ट तब आता है जब रोजर ये बताता है कि उसके दोनों हायर किए गए बंदे गुम हुए सिबलिंग्स हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- अमेजन प्राइम. वीडियो, जॉनर- क्राइम कॉमेडी।



**डीसी** : सरत चंद्र चटोपाध्याय की नॉवेल देवदास पर बेस्ड फिल्म डीसी में लोकेश कनगराज और वामिका गब्बी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी देवदास के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बागी अपराधी है और चोरी में गलती होने और एक पुलिस ऑफिसर के मारे जाने पर भागा फिर रहा है। वामिका का किरदार चंद्रा जो एक सेक्स वर्कर है, कैसे उसकी मदद करेगी यही कहानी में बताया जाएगा। रिलीज डेट -16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

**आशा** : आशा की कहानी पहले से ही सदमें से गुजर रही एक विदवा महिला पर बेस्ड है, जो एक छोटे से एक्सीडेंट के बाद बेकाबू हो जाती है। हार न मानने की उसकी इस जिद के कारण उसका सामना एक ऐसे हिंसक आदमी से होता है, जो उसकी जिंदगी को एक बुरा सपना बना देता है। मलयालम फिल्म में उर्वशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 16

**सैक्रिफाइस** : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। यह 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**रणबाली** : आज बॉक्स ऑफिस पर नई नवेली का अकेले कब्जा नहीं होगा, बल्कि इस मूवी से टक्कर लेने के लिए विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की रणबाली भी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मूवी को तेलुगू के साथ-साथ हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर-हिस्टोरिकल ड्रामा।

**जेलर** : रजनीकांत की जेलर को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था और अब वह इसके दूसरे पार्ट जेलर 2 के साथ शुक्रवार से एक दिन पहले थिएटर्स में आ गए हैं। फिल्म में एक बार फिर से वही दमदार एक्शन होगा। रजनीकांत के अलावा मूवी में विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती ने अहं भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।




**मनी ट्रैप- द करुण ट्रेजर** : मनी ट्रैप की कहानी कॉन आर्टिस्ट आसिम नोयन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लास्ट बार अपनी पुरानी गैंग के साथ एक आखिरी चोरी के लिए फिर से इकट्ठा होते हैं। हालांकि, उनका ये मिशन जल्द ही एक बड़ी लड़ाई में बदल जाता है, क्योंकि सामने वाले अन्य गिरोह भी इसी खजाने के पीछे पड़े हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।

## खबर संक्षेप



### अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**छाल।** ग्राम पंचायत छाल के प्रांगण में आयोजित आम ग्रामसभा में आज जनविकास, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में पहुंचे एसईसीएल के सीएसआर अधिकारी डॉ गजानंद ने ग्रामीणों की मांगें सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए दस्तावेज तैयार कराने की बात कही। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत गांवों को साफ.सुथरा बनाने और लोगों को प्रेरित करने के लिए ग्राम पंचायतों को डस्टबिन बांटे गए। इसके अलावा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को पौधे बांटे गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और सतर्कता जागरूकता अभियान से जुड़ने की अपील की। इस आम ग्रामसभा में छाल सरपंच मालती नीलांबर राठिया, जनपद सदस्य संत राम खूंटे, बोकरामुड़ा सरपंच श्याम राठिया, बोजिया सरपंच भगत राम राठिया सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एसईसीएल की इस पहल की सराहना की।

## निधन

### सीता फकीर महाना

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी पीतल बर्तन निर्माण कला के सिद्धहस्त कारीगर और रामलीला मंच के सबसे पुराने कलाकार फकीर महाना 84 वर्ष का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। फकीर महाना जी का मूल व्यवसाय पीतल के बर्तन बनाना था, लेकिन वे केवल बर्तन निर्माता ही नहीं बल्कि मंदिरों के शिखर कलश और पूजा.पाठ के बर्तनों के विशेषज्ञ कारीगर थे। बर्तन निर्माण में प्रयुक्त होने वाली नाहली कारीगरी में उनका कोई सानी नहीं था। इसी बारीक और उम्दा कारीगरी के कारण कसेर समाज के अन्य कारीगर भी उनका लोहा मानते थे।



### गरीबदास मानिकपुरी

**कोसीर।** भाठागांव निवासी ग्राम कोटवार गरीब दास मानिकपुरी पिता उमेन्द्र दास 48 साल का निधन हो गया। 16 अक्टूबर को उनके गृहग्राम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमे परिजन सहित क्षेत्रवासी भारी संख्या मे उपस्थित होकर शोक व्याप्त किया। विदित हो कि गरीब दास बहुत ही नेक दिल इंसान थे और कोटवार संघ के उपाध्यक्ष एवं मानिकपुरी समाज के पूर्व अध्यक्ष थे।



## नए जिले में खुलेंगे उद्योग और रोजगार के द्वार

# धारासींव में 30 हेक्टेयर में विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र, मिलेगी नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं आकार लेने लगी हैं। जिले की भटगांव तहसील अंतर्गत ग्राम धारासींव में 30 हेक्टेयर भूमि पर नवीन औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है।

इससे स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। यहां खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज एवं कृषि आधारित उद्योगों के साथ कुटीर, ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, डेयरी, सोलर, फार्मास्यूटिकल्स, पेपर आधारित, फर्नीचर, प्लाई एवं ब्रिक्स तथा प्लास्टिक एचडीपीई आधारित उद्योग स्थापित किए जा सकेंगे। इन इकाइयों से कृषि उपज एवं वनोपज के स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही व्यापार, परिवहन और सेवा क्षेत्र में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना संबंधी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।



### 30 हेक्टेयर में विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र

धारासींव के खसरा 2008/1 में 83.552 हेक्टेयर भूमि में से 30 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक प्रयोजन के लिए चिन्हांकित है। प्रस्तावित स्थल नगर पंचायत भटगांव से लगभग 8 किलोमीटर तथा आबादी क्षेत्र से 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली एवं पानी सहित आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा किया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के उद्यमियों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भूमि आबंटित की जाएगी।

### खुलेगा रोजगार के अवसर

नवीन औद्योगिक क्षेत्र के अस्तित्व में आने से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। लघु एवं मध्यम उद्यमों की स्थापना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ रोजगार के लिए अन्य शहरों की ओर पलायन में कमी आने की संभावना है। राज्य शासन की यह पहल नए जिले को औद्योगिक विकास के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## आर्य विद्यासागर स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत आर्य विद्यासागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन 15 अक्टूबर को रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल एवं विशिष्ट अतिथि सुधीर शर्मा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडपाली से रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ देवी सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुआ जहां प्रथम पाली में आदरणीय सुधीर शर्मा के द्वारा बड़ा ही ओजस्वी भाव से विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को उनके करियर के बारे में अवगत कराते हुए अध्ययन की प्रत्येक शैली को सिखाया तथा दूसरी पाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी पटेल के द्वारा बच्चों को यह बताया गया कि हम कैसे आने वाले समय में अपने पढ़ाई के स्तर को ऊपर उठा सके। पटेल के द्वारा बच्चों को बताया गया कि जीवन कितनी कठिनाइयों से आगे की ओर बढ़ती है और कैसे हम कठोर परिश्रम करके अपनी सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे प्रत्येक बिंदु को समझाने के लिए उन्होंने कई सारे कहानियों के द्वारा बच्चों को उदाहरण देते हुए प्रेरित किए।




## नवरात्रि में भक्तिमय हुआ घरघोड़ा पांच स्थानों पर विराजीं मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

कहीं भव्य पंडाल, कहीं रंग बिरंगी रोशनी की चकाचौंध, तो कहीं मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए उमड़ती श्रद्धा नवरात्रि के पावन पर्व पर पूरा घरघोड़ा माता रानी की भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। नगर के पांच प्रमुख स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजमान हैं। आकर्षक साज सज्जा, जगमगाती विद्युत झालरों और भव्य दरबारों ने नगर की रौनक में चार चांद लगा दिए हैं। शाम होते ही रोशनी से नहा, माता रानी के दरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। नवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, शक्ति, विश्वास और भक्ति का ऐसा महापर्व है, जिसमें हर श्रद्धालु मां दुर्गा के चरणों में शीश झुकाकर सुख.समृद्धि और खुशहाली की कामना करता है। घरघोड़ा में भी इस पावन अवसर का उत्साह देखते ही बन रहा है। नगर के अलग.अलग हिस्सों में सजे मां दुर्गा के दरबार धार्मिक उल्लास के साथ नवरात्रि की भव्यता का एहसास करा रहे हैं। घरघोड़ा नगर में माता मंदिर नेगीपारा, हनुमान चौक, गायत्री मंदिर, ब्लॉक कॉलोनी और नवापारा में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पांचों स्थानों पर माता रानी का दरबार आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पंडालों की भव्यता और विद्युत सजावट श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। नगर के इन प्रमुख स्थानों पर मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को नवरात्रि के उत्सव का अलग ही आनंद मिल रहा है। माता रानी के मनमोहक स्वरूपए सजे हुए पंडाल और चारों ओर फैली रंगीन रोशनी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है।



## कलेक्टर ने ली पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले में पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम, निराश्रित मवेशियों के समुचित प्रबंधन और पशु कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति एसपीसीए की बैठक में पशु संरक्षण, घायल एवं बीमार पशुओं के उपचार, पशु परिवहन तथा सड़कों पर विचरण करने वाले बेसहारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम की समीक्षा की।

## अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई, 12 वाहन, मशीनें जब्त

### खनिज विभाग की लगातार दबिश, एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

खनिज विभाग की टीम ने सरिया और सरसींवा तहसील के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त 12 वाहन एवं मशीनों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं एक प्रकरण में एक लाख रुपए की राशि शासन के मद में जमा कराई गई है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 अक्टूबर को सरिया तहसील के ग्राम जोतपुर बोंदा में औचक निरीक्षण के दौरान मुरुम के अवैध उत्खनन में संलिप्त दो जेसीबी मशीनों और तीन ट्रैक्टर जब्त की गई है। इसी प्रकार 13 अक्टूबर को सरसींवा तहसील के ग्राम ओडकाकन में साधारण रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। 14 अक्टूबर को सरिया तहसील में रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए तीन ट्रैक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इसके पहले 21 सितंबर को सरसींवा तहसील के ग्राम ओडकाकन में रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर लोडर मशीन एवं दो ट्रैक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक लाख जुर्माना लगाया गया था।



## अग्रसेन जयंती पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सरसींवा।** महाराजा अग्रसेन की जयंती पर मारवाड़ी युवा मंच, महिला समिति एवं जागृति शाखा के संयुक्त तत्वावधान 10 श्री अग्रसेन जयंती पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं शोभायात्रा का मुख्य अतिथि विमल अग्रवाल सीए रहे। श्री श्री 1008 महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला समिति एवं जागृति शाखा के संयुक्त तत्वावधान 10 दिनों तक विविध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ विमल अग्रवाल एवं समाजसेवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अग्र शिरोमणि छत्रपति महाराजा अग्रसेन की जयघोष के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी शोभयात्रा की शुरुआत स्मृति भवन से विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कि गई शोभायात्रा में सबसे आगे संभलपुर से आये कर्मा नृत्य उसके बाद उड़िया ढोल नगाड़ा के पश्चात रथ गाड़ी में आकर्षक सजावट के साथ अग्रसेन जी मूर्ति जो कि फूलो से शुशोभित की गई थी नगाड़े की धुन पर अग्र बन्धु नाचते गाते अग्रसेन महराज की जयघोष करते चल रहे थे। भटगांव रोड, सराईपाली रोड मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड से वापसी स्मृति भवन पहुची मार्ग में जगह जगह समाजजनों द्वारा ठंडा एचाय बिस्किट एवं जलपान की व्यवथा की गई थी। संबलपुरी कर्मा एवं उड़िया ढोल ने नगाड़ो की धाप ने सभी को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। शोभायात्रा के वापसी स्मृति भवन पहुचने पर मुख्य अतिथि एवं समस्त अग्र जनों द्वारा अग्रसेन महराज की आरती की गई। समाज के अध्यक्षता कर रहे रमेश जालान ने कहा कि खाली नारा लगाने से कुछ नही होगा महाराजा अग्रसेन जी ने समाज को जो एकता और समरसता का संदेश दिया था उस संदेश को साकार रूप देना पड़ेगा आगे उन्होंने कहा कि आजकल की महिलाएं फैशन और मोबाइल में ही लगे रहती है बड़ो के सम्मान और कुछ समय भक्ति जरूर करे इसके साथ ही समाज मे चल रहे कई प्रकार के सामाजिक कुरीतियों पर भी प्रकाश डाला।



## खरसिया में होगा विशाल दशहरा मेला और छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम

**खरसिया।** विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा इस बार भी विशाल दशहरा मेला का आयोजन करने जा रहा है। खरसिया का दशहरा मेला पूरे अंचल में विख्यात है आसपास के सैकड़ो गांवों से ग्रामीण दशहरा मेले का आनंद लेने सपरिवार खरसिया आते है। 20 अक्टूबर को विराट दशहरे मेले का आयोजन नगर के टाउनहाल मैदान में होगा। मैदान में कई तरह के व्यंजनों से सुसज्जित दुकानें लगेंगी। साथ ही छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध आतिशबाजी भी इस बार टाउनहाल मैदान में देखने को मिलेगी वही 20 अक्टूबर को ही रावण दहन का कार्यक्रम रात्रि 7 बजे राजा राम के हाथों सम्पन्न होगा। तत्पश्चात भारत दीक्षा छत्तीसगढ़ी नाइट का भव्य आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। अगले दिन 21 अक्टूबर को राम राज्य गद्दी के पावन उपलक्ष्य में क्षेत्र की जनता की खास फरमाइश पर छत्तीसगढ़ का सुपर स्टार पदमश्री अनुज शर्मा नाइट का शानदार आयोजन भी दशहरा समिति द्वारा करवाया जा रहा है। रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर सांसद राधेश्याम राठिया आएंगे वही अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग करेंगे।

## एसईसीएल ने किया ई-वेस्ट जागरूकता वॉकाथॉन का आयोजन

**रायगढ़।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र द्वारा स्पेशल कैंपेन 6.0 के अंतर्गत ई.वेस्ट इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन एवं जागरूकता हेतु एक विशेष वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकाथॉन में डीएवी पब्लिक स्कूल, छाल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता तख्तियां और बैनर लेकर आमजनों को इलेक्ट्रॉनिक कचरे के दुष्प्रभावों, इसके सुरक्षित निपटान, पुनर्चक्रण तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। वॉकाथॉन का मुख्य उद्देश्य समाज में ई.वेस्ट प्रबंधन को लेकर जन.जागरूकता फैलाना और स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में जनभागीदारी को बढ़ावा देना था। वॉकाथॉन के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वे ई.वेस्ट को सामान्य घरेलू कचरे में न मिलाएं, बल्कि इसे अलग रखकर शासन द्वारा निर्धारित ई.वेस्ट कलेक्शन सेंटरों पर ही जमा कराएं। इस अवसर पर एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के अधिकारीगण, डीएवी पब्लिक स्कूल छाल के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।






